दिनांक: 12.08.2024 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रदेश के पूर्वी जिलों में भारी बारिश का दौर जारी–जयपुर, बारां, बूंदी, धौलपुर, दौसा, करौली, कोटा, सवाईमाधोपुर में वर्षा का रेड अलर्ट।
- मुख्यमंत्री ने अतिवृष्टि की स्थिति में आमजन से विशेष सावधानी बरतने की अपील की।
- हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रदेशभर में विभिन्न गतिविधियां आयोजित।
- नशा मुक्त भारत अभियान के तहत प्रदेशभर में ली गई नशा मुक्ति की शपथ।

0000

प्रदेश के पूर्वी जिलों में आज भी बारिश का दौर बना रहा। कई स्थानों पर भारी से अत्यंत भारी बारिश दर्ज की गई। बीते 24 घंटों के दौरान सबसे अधिक 26 सेंटीमीटर बारिश दौसा के रामगढ़ पचवारा में हुई। करौली के सपोटरा में 21 सेंटीमीटर, सवाईमाधोपुर और लालसोट में 17–17, जयपुर में 13, अलवर के कोटकासिम में 7, कोटा के पीपलदा में 5, हनुमानगढ में 4 और चूरू में 3 सेंटीमीटर पानी बरसा। **भीलवाड़ा** शहर में आज दोपहर तेज बारिश हुई जिसके कारण लोगों को गर्मी से राहत मिली है। **भरतपुर** में बीते एक सप्ताह से रूक–रूक कर हो रही बारिश के कारण आमजन जीवन प्रभावित हुआ है। हमारे संवाददाता ने बताया कि शहर के निचले इलाकों में

जल भराव के कारण जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है।

..................

सवाईमाधोपुर में लगातार हो रही बारिश से नदी–नाले उफान पर हैं

..................

मौसम केन्द्र जयपुर ने कल बारां, बूंदी, जयपुर, धौलपुर, दौसा, करौली, कोटा, सवाईमाधोपुर, टोंक में अतिभारी वर्षा का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं अजमेर, अलवर, भीलवाड़ा, झालावाड़, झुन्झुनू, सीकर में भारी वर्षा के आसार के चलते येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने लोगों से जलाशयों और जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहने की सलाह दी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी आमजन से अतिवृष्टि की स्थिति में विशेष सावधानी बरतने की अपील की है।

...................

आपदा राहत मंत्री किरोड़ी लाल मीणा कल हिण्डौन, गंगापुर, सवाईमाधोपुर में अतिवृष्टि के कारण जलभराव वाले इलाकों का दौरा करेंगे। श्री मीना ने कहा कि जलमग्न इलाकों में हुई जनहानि और जनता के हुए भारी नुकसान की जानकारी लेकर प्रशासन से त्वरित राहत के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए जाएंगे। दूसरी ओर, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक ट्वीट कर तेज बारिश से उपजे हालातो पर चिंता जाहिर की है साथ ही उन्होंने कहा कि आपदा की स्थिति में जनता को यह पता नहीं है कि आपदा राहत मंत्री अपने पद पर हैं या उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। प्रभावित जिलों के प्रशासन ने आमजन से आपात स्थिति में बाढ़ नियंत्रण कक्षों से सम्पर्क करने की अपील की है। अतिवृष्टि प्रभावित जिलों में

नियंत्रण कक्ष पर सतर्कता बढा दी गई है। एसडीआरएफ की टीमों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। करौली जिला प्रभारी सचिव आशुतोष एटी पेडनेकर ने आज करौली शहर के जल भराव क्षेत्रों का निरीक्षण किया।

बीसलपुर बांध में लगातार पानी आवक के चलते बांध का जल स्तर बढकर 312 दशमलव 34 आरएल मीटर दर्ज किया गया है। वहीं त्रिवेणी का जल स्तर 2 दशमलव 7 मीटर पर चल रहा है। जयपुर के गलता कुण्ड में आज दो युवकों की डूबने से मृत्यु हो गई। जयपुर जिला और जयपुर ग्रामीण में भारी बारिश को देखते हुए जिला कलेक्टर ने कल भी सभी स्कूलों में अवकाश घोषित किया है। वहीं गंगापुरसिटी जिले में भी जिला प्रशासन ने कल 8वीं कक्षा तक के सभी विद्यालयों में अवकाश घोषित किया है।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज विश्व हाथी दिवस के अवसर पर हाथियों की सुरक्षा के लिए व्यापक प्रयासों की सराहना की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि हाथी हमारी संस्कृति और इतिहास से जुड़े हुए हैं। उन्होंने प्रतिबद्धता दोहराई कि हाथियों को एक अनुकूल आवास मिले जहां वे आराम से रह सकें। इधर, जयपुर के आमेर स्थित हाथी गांव में इस अवसर पर कार्यशाला आयोजित गई। कार्यशाला में महावतों को हाथियों के आवास और उनकी सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई।

000

--------------------

हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज प्रदेशभर में विभिन्न गतिविधियों आयोजित की जा रही है। इस कड़ी में बाडमेर में आज गांधी चौक से भगवान महावीर टाउन हॉल तक तिरंगा रैली निकाली गई। रैली को जिला

कलेक्टर निशांत जैन ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। पाली में जिला प्रशासन की ओर से नवाचार करते हुए जिला कलेक्ट्रेट परिसर में सेल्फी पाइंट बनाया गया है। यहां सांसद पी.पी. चौधरी, जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के साथ आमजन ने तिरंगे के साथ सेल्फी ली। शाहपुरा में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा कॉन्सर्टस, तिरंगा कैनवास, तिरंगा मेलों का आयोजन किया जाएगा। डूंगरपुर में आज सीमलवाड़ा से तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा के माध्यम से प्रशासन ने आमजन को अपने घरों में तिरंगा लगाने का संदेश दिया। झालावाड़ में राजकीय खेल संकुल से मिनी सचिवालय कलेक्ट्रेट तक एक तिरंगा मैराथॉन का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूली विद्यार्थियों और पुलिस के जवानों ने भाग लिया।

सिरोही और पिण्डवाड़ा में तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिला मुख्यालय पर निकाली गई यात्रा को जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाश चन्द अग्रवाल ने रवाना किया। श्रीगंगानगर में लालगढ जाटान से पैदल तिरंगा रैली निकाली गई जिसमें आमजन ने बढ–चढकर हिस्सा लिया। जिला उद्योग केन्द्र चूरू की ओर से हस्तशिल्प प्रदर्शनी लगायी गई, जहां स्थानीय उत्पादों की दुकानें लगायी गई। नागौर और ब्यावर में भी हर घर तिरंगा अभियान के तहत यात्रा निकाली गई। भीलवाड़ा में अभियान को सफल बनाने के लिये जिला प्रशासन की ओर से पांच लाख निःशुल्क तिरंगे वितरित किये जायेंगे। जिला प्रशासन की ओर से रोजाना तिरंगा मार्च, तिरंगा रैली और विभिन्न आयोजन किये जा रहे हैं।

000

केन्द्र सरकार विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम करने वालों को स्वाधीनता दिवस के मौके पर नई दिल्ली में आयोजित होने वाले स्वाधीनता दिवस समारोह के लिए आमंत्रित कर रही है। डूंगरपुर जिले के राजेश यादव गेंजी

को भी इसके लिए आमंत्रित किया गया है। राजेश यादव नेहरू युवा केन्द्र के पूर्व स्वयं सेवक हैं जिन्होंने ग्रामीण इलाकों में सरकारी योजनाओं का घर घर जाकर प्रचार–प्रसार किया।

.....................

000

केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की ओर से आज पूरे देश में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ एक सामूहिक रूप से प्रतिज्ञा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान, केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने नई दिल्ली में आमजन को शपथ दिलाई। इस वर्ष का विषय विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि अब तक 11 करोड़ लोग इस अभियान से जुड़ चुके हैं। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने वर्ष 2020 में 15 अगस्त को नशा मुक्त भारत अभियान शुरू किया था और पिछले साल अगस्त से इसे देश भर के सभी जिलों में लागू किया गया। डूंगरपुर और शाहपुरा में इस अभियान के तहत जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। जैसलमेर के कन्या महाविद्यालय में नशा मुक्ति अभियान के तहत नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई।

0000

राज्य में घुमंतू और अर्द्ध घुमंतू जाति के परिवारों को 2 अक्टूबर को एक साथ ऑनलाइन पट्टे दिये जायेंगे। पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने आज जयपुर के शिक्षा संकुल में पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक में यह जानकारी दी। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन अभियान को और ज्यादा सफल बनाने के लिए ठोस और तरल कचरा के प्रबंधन पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान

देने के निर्देश दिए। श्री दिलावर ने कहा कि तरल कचरा प्रबंधन के लिए पॉलिसी बनाकर काम शुरू करने के साथ ही नालियों में पर्याप्त ढ़लान भी दिया जाय।

श्री दिलावर ने पॉलिथीन का उपयोग नहीं करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए उपस्थित अधिकारियों को शपथ दिलाई। श्री दिलावर ने स्वामित्व योजना को व्यवहारिक बनाने, सभी के साथ समानता का व्यवहार करने के बारे में निर्देश दिए।

0000

केन्द्र सरकार ने पीएम–सूर्य घर–मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत आदर्श सौर ग्राम योजना के कार्यान्वयन के लिए दिशा–निर्देश जारी किए हैं। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने बताया कि इस योजना के तहत देश के प्रत्येक जिले में एक आदर्श सौर ग्राम बनाने पर बल दिया गया है। मंत्रालय ने कहा कि इसके लिए कुल 800 करोड़ रुपये आवंटित किए गये हैं। मंत्रालय ने कहा कि प्रत्येक जिले के सबसे अधिक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता वाले विजेता गांव को एक करोड़ रुपये का केंद्रीय वित्तीय सहायता अनुदान मिलेगा। इस वर्ष फरवरी में केन्द्र सरकार ने सौर छत क्षमता की हिस्सेदारी बढ़ाने और आवासीय परिवारों को अपनी बिजली पैदा करने के लिए मजबूत बनाने के उद्देश्य से इस योजना को मंजूरी दी है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 25 तारीख को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 113वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम के लिये लोग अपने विचार और सुझाव टोल फ्री नम्बर–1800 11 7800 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप या माई

जीओवी ओपन फोरम पर भी विचार साझा किए जा सकते हैं। विचार और सुझाव इस महीने की 23 तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे।

000